दिनांक-5जनवरी2020

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

जीपीएस सिस्टम से लैस होंगे निगम की वाहने , मोबाइल के माध्यम से वाहनों की वर्तमान स्थिति का चलेगा पता

नगर पालिक निगम भिलाई के विभिन्न क्षेत्रों में सफाई कार्य , विद्युत कार्य, मरम्मत कार्य, जल कार्य, इत्यादि के लिए वाहनों का उपयोग किया जाता है! अब निगम के इन सभी वाहनों में आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी कि अभिनव बहुत से जीपीएस सिस्टम लगाया जा रहा है जिससे यह पता चलेगा कि कौन सा वाहन कहां पर है , किस ओर जा रहा है , कितनी देर से वाहन किस स्थान पर खड़ी है! मोबाइल के माध्यम से इन वाहनों पर नजर रखी जा सकेगी! लगभग 20 वाहनों में जीपीएस सिस्टम लगाया जा चुका है! निगम के 100 से अधिक वाहनों में भी इस सिस्टम को लगाया जाना है जिसका कार्य नैन लक्ष्मी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है 2 से 3 दिनों में जीपीएस सिस्टम लगाने का कार्य पूर्ण किए जाने की संभावना है! निगम में कार्यों के हिसाब से वाहनों की संख्या में भी इजाफा हुआ है इन वाहनों पर नजर रखना भी अनिवार्य हो गया है जिसके लिए जीपीएस सिस्टम लगाया जा रहा है! निगमायुक्त ने दिन शनिवार को वाहन शाखा का निरीक्षण किया जिसमें उन्होंने जीपीएस सिस्टम की जानकारी प्राप्त की तथा वाहन शाखा में रखे हुए कबाड़ आदि को नीलामी प्रक्रिया करने के निर्देश वाहन विभाग के अधिकारियों को दिए!

जल है तो कल है

जल ही जीवन है!

जनसंपर्क अधिकारी